# स्नातक उपाधि कार्यक्रम (बी. डी. पी.)

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2025

## एफ.एच.डी.–2 : हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

*समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 50*

---

***नोट :*** *सभी खण्डों से निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

### खण्ड—क

***नोट :*** *निम्नलिखित में से किन्हीं* **दो** *प्रश्नों के उत्तर लगभग **250–300** शब्दों में दीजिए।* 2×10=20

1. भाषा के महत्व और उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।
2. अनौपचारिक पत्र की विशेषताएँ बताइए।
3. 'निराला की साहित्य–साधना' का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।
4. अपने प्रिय खिलाड़ी का साक्षात्कार लेने के लिए **सात** प्रश्न तैयार कीजिए।

## खण्ड—ख

**नोट :** *निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 150-150 शब्दों में दीजिए।* 3×5=15

5. 'जहाँ सुमति तहँ संपति नाना
   जहाँ कुमति तहँ विपति निदाना।'
   इस सूक्ति का भाव पल्लवन कीजिए।
6. मौखिक सम्प्रेषण को सोदाहरण समझाइए।
7. लेखन के विभिन्न प्रकारों का परिचय दीजिए।
8. राहुल सांकृत्यायन के यात्रावृत्तांत का परिचय दीजिए।
9. सरकारी पत्र की रूपरेखा तैयार कीजिए।
10. 'नोट्स-लेखन' पर एक टिप्पणी लिखिए।

## खण्ड—ग

**नोट :** इस खण्ड के दोनों प्रश्न अनिवार्य हैं।

11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम **50-50** शब्दों में दीजिए : 5×2=10

    (क) संवादों के वर्गीकरण के प्रमुख आधार क्या हैं ?

(ख) रचना का विषय चुनने के लिए कहाँ–कहाँ से सामग्री ली जा सकती है ?

(ग) संस्मरण का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

(घ) प्रोक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ङ) बधाई पत्र किन अवसरों पर भेजा जाता है ?

12. सही उत्तर का चयन कीजिए : 5×1=5

(क) निराला की बेटी का नाम था :

(i) स्मृति

(ii) सरोज

(iii) पार्वती

(iv) चन्द्रिका

(ख) 'मुक्तिबोध की आत्मकथा' किस विधा की रचना है ?

(i) आत्मकथा

(ii) संस्मरण

(iii) जीवनी

(iv) डायरी

(ग) भाषा का सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य है :

(i) सम्प्रेषित करना

(ii) भावों को छिपाना

(iii) अभिव्यक्ति को रोकना

(iv) मनोरंजन करना

(घ) माता को लिखा जाने वाला पत्र होता है :

(i) सरकारी

(ii) औपचारिक

(iii) अनौपचारिक

(iv) अर्ध–सरकारी

(ङ) 'आधे–अधूरे' के लेखक हैं :

(i) रेणु

(ii) महादेवी वर्मा

(iii) नेमिचन्द्र जैन

(iv) मोहन राकेश

× × × × ×